हिन्दी

(201)

शिक्षक अंकित मूल्यांकन-पत्र

कुल अंक : 20

टिप्पणी : (i) सभी प्रश्नों के उत्तर देने अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, अनुक्रमांक, अध्ययन केंद्र का नाम और विषय स्पष्ट शब्दों में लिखिए।

1. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए ।** 2

(क) 'बीती विभावरी जागरी' कविता में प्रकृति-सौंदर्य का सुंदर चित्रण है। उसके संदर्भ में आप अपने दैनिक जीवन में प्रकृति में क्या परिवर्तन करना चाहते हैं ? (पाठ-17देखें)

(ख) 'उनको प्रणाम' कविता के संदर्भ में आप जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के लिए किन-किन लोगों के योगदान महत्वपूर्ण मानते और क्यों ? कारण सहित लिखिए । (पाठ-20 देखें)

2. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** 2

(क) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में मानव-सेवा का उत्कृष्ट रूप प्रस्तुत हुआ है। 'टिप्पणी लिखिए' ।
(पाठ-5 देखें)

(ख) 'भारत की ये बहादुर बेटियां' पाठ के संदर्भ में महिला सशक्तीकरण पर टिप्पणी लिखिए।
(पाठ-6 देखें)

3. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए।** 2

(क) आपकी दृष्टि में ' इसे जगाओ' कविता आज कितनी प्रासंगिक है ? तर्कसहित स्पष्ट कीजिए।

(पाठ-12 देखें)

(ख) 'अपना पराया'पाठ से स्वास्थ्य के संबंध में आप क्या संदेश ग्रहण करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।
(पाठ-17 देखें)

4. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए।** 4

(क) 'गिल्लू' पाठ के आधार पर मनुष्य और पशु-पक्षी के परस्पर संबंध का उल्लेख कीजिए
(पाठ-20 देखें)

(ख) आपने 'बीती विभावरी जाग री' कविता पढ़ी। कविता के परिवेश के बारे में आपके क्या विचार हैं और शिल्प-सौंदर्य का स्वरूप कैसा है? सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए। (पाठ-17 देखें)

5. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए।** 4

(क) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ के आधार पर जीवन की सार्थकता को स्पष्ट कीजिए। आपके लिए जीवन में क्या अधिक महत्वपूर्ण है **?** तर्क सहित उत्तर लिखिए। (पाठ-20 देखें)

(ख) पढ़ते वक्त किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? 'पढ़ें कैसे' पाठ के आधार पर अपने विचार संक्षेप में लिखिए। (पाठ-10 देखें)

6. **निम्नलिखित में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए ।** 6

(क) हमारे देश में साहित्य के क्षेत्र में हिंदी लेखिकाओं का बहुमूल्य योगदान रहा है। किन्हीं पांच लेखिकाओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी एकत्रित कीजिए और उनका विवरण प्रस्तुत करते हुए फाइल तैयार कीजिए। (पाठ-3 और 14 देखें)

(ख) समाचारपत्र में प्रकाशित किसी एक ज्वलंत समस्या का उल्लेख करते हुए तथा समाधान सुझाते हुए एक संपादकीय और एक फीचर लिखिए। (पाठ-9 देखें)